लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष, पंचमी 12.51 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2079
अमृत विचार
वर्ष 3, अंक 363, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
बरेली, रविवार, 13 नवंबर 2022

PAGE NO 15 : MIDDLE LEFT

कूच बिहार ट्रॉफीः आदर्श की पारी से यूपी 319 रन

कूच बिहार ट्राफी के मैच में यूपी और नागालैंड के खिलाड़ियों के साथ पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद संतोष गंगवार, ट्रस्ट चेयरमैन देवमूर्ति, मेयर डॉ. उमेश गौतम व अन्य अतिथिगण।

बरेली। बरेली में पहली बार शुरू हुई कूच बिहार ट्रॉफी का एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड में शनिवार को आगाज हुआ। पहला चार दिनी मैच उत्तर प्रदेश और नागालैंड के बीच हुआ। बीसीसीआई से अधिकृत इस मैच में नागालैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। उत्तर प्रदेश ने बल्लेबाजी करते हुए 65.4 ओवरों में सभी विकेट खोकर 319 रन बनाए। कप्तान आदर्श ने 16 चौके के साथ 85 रन की पारी खेली, जबकि प्रशांत वीर ने 98 रन बनाए। पारी में उन्होंने 10 चौके, 4 छक्के जड़े। पहले दिन का खेल खत्म होने तक नागालैंड ने 27 ओवर में 4 विकेट के खोकर 73 रन बनाए। कप्तान युगांधर ने 17 रन, कैनज्यूट्यो रियो ने 26 रन की पारी खेली। वहीं, यूपी के गेंदबाज आसिफ अली ने दो, शिवम, विराट ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। मैच देखने के लिए मंडलायुक्त संयुक्ता समद्दार भी पहुंचीं। ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने मंडलायुक्त को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।